Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:24 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



16 साल बाद शो में लौटे करीना...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 123 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 3 नवंबर 2026

News कॉर्नर

कांग्रेस चार नवंबर से शुरू करेगी भूमि बचाओ अभियान

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस की ओर से चार नवंबर से विधानसभा वार भूमि बचाओ अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश महासचिव संगठन राजेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि नैनीताल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व सीडब्लूसी सदस्य गुरदीप सप्पल को जिलाध्यक्ष को प्रभारी नामित किया गया। इसके अलावा अल्मोड़ा में विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल, रानीखेत में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, हल्द्वानी में विधायक तिलक राज बेहड़, सुमित हृदयेश, भीमताल में विधायक भुवन कापड़ी, आदेश चौहान, देहरादून व ऋषिकेश में पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, जिलाध्यक्ष, विकासनगर में प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, मसूरी में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, टिहरी में विधायक विक्रम सिंह नेगी व लखपत बुटोला, हरिद्वार में पूर्व सीएम हरीश रावत, विधायक ममता राकेश, अनुपमा रावत, रवि बहादुर, रानीपुर में विधायक फुरकान अहमद, विरेंद्र जाती को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

केदारताल रेस्क्यू ऑपरेशन, संकरी घाटी होने से बढ़ी चुनौती

देहरादून। केदारताल क्षेत्र में पर्वतारोहियों की तलाश के लिए रेस्क्यू आपरेशन चलाया जा रहा है, वह संकरी घाटी क्षेत्र है। जिला प्रशासन के अनुसार इससे कुछ चुनौती बनी हुई है। 10 सदस्यीय टीम को संबंधित जगह पर हेलिकाप्टर से उतारा दिया गया है। टीम सुबह से तलाश करने का अभियान चलाएगी। गंगोत्री नेशनल पार्क की टीम भी नीचे की तरफ से खोज, गुफा में तलाश करेगी। जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य बताते हैं कि पिछले महीने उत्तरकाशी जिले में कालिंदी पास (कालिंदी खाल) ट्रेक के पास पर्वतारोही फंसे थे, उनके लिए रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया गया था, वहां पर स्थिति तुलनात्मक तौर पर अलग थी, वह जगह खुली और चौड़ी जगह थी और हेलिकाप्टर उतर सकता था।

चुनाव तैयारी में भाजपा: कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने बैठक कर जायजा लिया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज हल्द्वानी स्थित भाजपा कार्यालय में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने हल्द्वानी, कालाढूंगी और लालकुआं विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी नेताओं और संभावित दावेदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति और पार्टी को मजबूती को लेकर चर्चा की गई बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने दावा किया कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में 'अबकी बार 60 पार' के नारे के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर पार्टी जनता के बीच जा रही है। सरकार के विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं के दम पर भाजपा एक बार फिर प्रदेश में मजबूत जनादेश हासिल करने की तैयारी कर रही है। मदन कौशिक ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों का चयन पार्टी की मजबूती और जीत की संभावनाओं के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी संगठन और चुनावी जीत को प्राथमिकता देते हुए उम्मीदवारों का चयन करेगी। हल्द्वानी में हुई इस बैठक को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की चुनावी रणनीति और संभावित प्रत्याशियों के आकलन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एवरेस्ट बेस कैंप पर कैमरे में कैद हुआ खौफनाक मंजर

आपस में टकराए हेलीकॉप्टर भारतीय नागरिक की हुई मौत

काठमांडू/नई दिल्ली

एजेंसी



नेपाल में हुए एक हादसे में दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और एक भारतीय मूल का नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गया। नेपाल पुलिस के अधिकारी मौसम तमांग ने बताया कि हादसा एवरेस्ट बेस कैंप पर हुआ, जहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी कंपनियों के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए।

पुलिस के अनुसार, नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार को लैंडिंग की कोशिश के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पुलिस के बयान के मुताबिक, यह हादसा मंगलवार सुबह सोलुखुम्बु जिले की खुम्बू पासांग ल्हामू ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार में स्थित फेरुचे में हुआ। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलिकॉप्टर सुबह करीब 8:11 बजे (स्थानीय समय) लैंडिंग के दौरान आपस में टकरा गए। पुलिस इंस्पेक्टर मौसम तामांग ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले भारतीय नागरिक की पहचान वसंत कुमार बलरामराजू के रूप में हुई है। वह फिशटेल एयर के हेलिकॉप्टर में सवार थे। इसी हेलिकॉप्टर में सवार भारतीय मूल के 49 वर्षीय शैलेश कृष्ण पटेल भी हादसे में घायल हो गए। वह न्यूजीलैंड के निवासी हैं। तामांग के मुताबिक, उन्हें प्रभु हेलिकॉप्टर की मदद से एयरलिफ्ट कर काठमांडू के मेडिसिटी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में नेपाली पायलट रवींद्र प्रजापति (फिशटेल एयर) और प्रन्वल केसी (एयर डायनेस्टी) भी घायल हुए हैं। दोनों को बेहतर इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है।

भारतीय जहाज पर हमले में गई गुजरात के एक नाविक की जान

ओमान तट के पास 2 नवंबर को भारतीय मालवाहक जहाज एमएससी अल जुबैरी को एक अज्ञात हवाई वस्तु ने निशाना बनाया। जहाज पर 14 भारतीय नाविक सवार थे, जिनमें से 13 को ओमान के तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया। गुजरात के नाविक गांधार नाहीम अजीज की चोटों के कारण मौत हो गई। भारत सरकार और ओमान स्थित भारतीय दूतावास जीवित बचे नाविकों की मदद और सभी के जल्द भारत लौटने की व्यवस्था में जुटे हैं।

एस-मोड़ पर मौत का आमने-सामने टकराव, दो घरों के बुझ गए चिराग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



रामपुर रोड पर टांडा जंगल के एस-मोड़ के पास सोमवार देर शाम हुए खूनी सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। शादी का निमंत्रण बांटकर लौट रहे राजू गुप्ता और ग्राम विकास अधिकारी सौरभ बिष्ट की जिंदगी सड़क पर ही थम गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं।

दर्दनाक हादसा एस-मोड़ से करीब 200 मीटर पहले हुआ। जानकारी के अनुसार, कालाढूंगी के मंगोलिया क्षेत्र निवासी ग्राम विकास अधिकारी सौरभ बिष्ट (30) अपने साथी बृजेश सती (32) के साथ रुद्रपुर से हल्द्वानी आ रहे थे। वहीं, रुद्रपुर के रम्पुरा निवासी राजू गुप्ता (28) अपने साढ़ू प्रेमशंकर शर्मा (50) के साथ रिश्तेदारी में शादी का निमंत्रण कार्ड बांटकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइकें आमने-सामने भिड़ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही टीपीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य के बाद सभी घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने सौरभ बिष्ट और राजू गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। सौरभ बेतालघाट ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। बृजेश सती और प्रेमशंकर शर्मा का अस्पताल में उपचार जारी है। बृजेश की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ओवरटेक बना हादसे की वजह?

प्रारंभिक जांच में ओवरटेक के दौरान दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि हादसे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। एक ही सड़क हादसे में दो युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जिस राजू के घर शादी के निमंत्रण की खुशियां पहुंचनी थीं, वहां अब मातम पसरा है। वहीं, सरकारी सेवा में तैनात सौरभ की असमय मौत ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। सड़क पर हुई एक टक्कर ने दो परिवारों की दुनिया उजाड़ दी।

दीपावली से पहले जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, पांच जुआरी दबोचे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दीपावली की आड़ में जुए की महफिल सजाने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंडी चौकी क्षेत्र में गोदाम का शटर गिराकर जुए की बाजी खेल रहे पांच लोगों को पुलिस ने रंगे हाथ दबोच लिया।

अचानक हुई पुलिस की दस्तक से जुआरियों में खलबली मच गई। मौके से नकदी और ताश की गड्डी बरामद होने के बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए कोतवाली की पुलिस टीम सोमवार रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गल्ला मंडी की ओर जाते समय सब्जी मंडी स्थित गोदाम का शटर थोड़ा खुला दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने अंदर झांककर देखा तो पांच लोग तख्त पर बैठकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। उनके बीच सौ-सौ रुपये की चाल और जीत-हार को लेकर बाजी लग रही थी। पुलिस ने बिना देर किए गोदाम में दबिश देकर पांचों को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने दीपावली के लिए जुआ खेलने की बात स्वीकार की। पुलिस ने फड़ से 7050 रुपये नकद और 52 पत्तों की ताश की गड्डी बरामद की।

पुलिस ने आकाश दिवाकर, अभिषेक गुप्ता, रजत दिवाकर, अर्जुन आर्य, और कमल सक्सेना, को गिरफ्तार किया है। सभी हल्द्वानी क्षेत्र के निवासी हैं।

सीबीआई कोर्ट नहीं पहुंचे सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर

देहरादून। सीबीआई कोर्ट में आज सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर की पेशी होनी थी, लेकिन दोनों कोर्ट नहीं पहुंचे। ऐसे में मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस प्रकरण में फिर से नई तारीख लगेगी। पूर्व विधायक सुरेश राठौर की बेटी दीपिका राठौर से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजी गई अभिनेत्री उर्मिला सनावर की सोमवार को अदालत ने जमानत याचिका मंजूर कर ली। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने 50 हजार के व्यक्तिगत बंधपत्र और इतनी ही धनराशि के दो जमानती प्रस्तुत करने पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जमानती दस्तावेज की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज मंगलवार को उनकी जेल से रिहाई की बात सामने आई थी।

शाह के नेतृत्व में 25 हजार लोग बनेंगे राजधानी में पदयात्री: भाजपा

देहरादून

हमारे संवाददाता



भाजपा ने अमित शाह की मौजूदगी में होने वाली जनसभा में 25 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने का दावा किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने तंज कसा कि विपक्ष की दिल्ली रैली से अधिक जनता, अराजक राजनीति का जवाब देने में देहरादून में ही इसके पदयात्री बनने वाले हैं।

विभिन्न माध्यमों से मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में जारी बयान में उन्होंने बताया कि विपक्षी नकारत्मक राजनीति की सच्चाई जनता के सामने लाने के लिए भाजपा देश भर में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान चला रही है इसी क्रम में राज्य के पांच स्थानों पर बड़ी पदयात्राएं एवं जनसभा के कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में 6 नवंबर को राजधानी के परेड ग्राउंड में विशाल पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है जिसको केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। जिसमें शामिल होने के लिए देहरादून महानगर ऋषिकेश देहरादून ग्रामीण एवं हरिद्वार जनपद से 25 हजार से भी अधिक संख्या में कार्यकर्ता पहुंचने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि जनता के बीच विपक्ष की झूठी एवं नकारात्मक राजनीति को लेकर जबरदस्त आक्रोश का माहौल है। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं में भी गृहमंत्री का मार्गदर्शन सुनने को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है। उसे देखते हुए निसंदेह कहा जा सकता है कि जितना जन समर्थन कांग्रेस और विपक्ष समूचे देश भर से दिल्ली में नहीं जुटा पाया उससे भी अधिक संख्या देहरादून में अभियान के पदयात्री बनेंगे। देश की जनता डबल इंजन सरकार में हो रहे अभूतपूर्व विकास को अनुभव कर रही है। वह अच्छी तरह समझ रही है की लगातार हर से हताश निराश विपक्ष देश की समूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही ध्वस्त करना चाहता है। यही वजह है कि देश की तरह देवभूमि की देशभक्ति जनता भी अराजक मानसिकता को जवाब देने और लोकतांत्रिक को समर्थन देने के लिए पदयात्राओं का बढ़चढ़कर सहभागी बन रहा है।

डीएसबी परिसर में पुस्तक दान महोत्सव का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों में पुस्तकों के प्रति घटती रुचि को देखते हुए सोमवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में पुस्तक दान महोत्सव का आयोजन किया गया।

बता दें उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के सौजन्य से आयोजित महोत्सव में बच्चों को पुस्तकों के महत्व से अवगत कराने के साथ ही उनमें नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने का संदेश दिया गया। इस दौरान प्रतिष्ठित लेखकों की पुस्तकें वितरित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि इंटरनेट के इस दौर में सूचनाओं की मौजूदगी तो बढ़ी है लेकिन पुस्तकों का महत्व आज भी बरकरार है। प्रो.बिष्ट के मुताबिक इंटरनेट पर मौजूदा प्रत्येक जानकारी की प्रमाणिकता सुनिश्चित नहीं होती जबकि पुस्तकों को लेखन, संपादन और प्रूफ रीडिंग जैसी प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद



प्रकाशित किया जाता है। ऐसे में पुस्तकों के माध्यम से प्राप्त ज्ञान अधिक व्यवस्थितस विश्वसनीय और संदर्भ आधारित होता है।प्रो. बिष्ट ने कहा कि सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में प्रमाणिक पुस्तकों और मूल स्रोतों का विशेष महत्व है। अपने संबोधन में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहानी ने कहा कि इंटरनेट और पुस्तकें एक-दूसरे के विकल्प नहीं बल्कि ज्ञान प्राप्ति के पूरक माध्यम हैं। इंटरनेट जहां त्वरित जानकारी सुविधा कराता है वहीं पुस्तकों के अध्ययन से विषय की गहरी और क्रमबद्ध समझ विकसित होती है। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ अपने नोट्स तैयार करने की आदत भी डालनी चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी पुस्तक मेलों और पुस्तक दान जैसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में डीएसबी परिसर के निदेशक प्रो. संजय पंत ने सभी का स्वागत किया वहीं कुलसचिव प्रो. रितेश साह ने सभी का धन्यवाद किया । कार्यक्रम का संचालन निर्देशक विजिटिंग प्रोफेसर डॉ ललित तिवारी ने किया । कार्यक्रम में भारतीय परंपरा अनुरूप पुस्तक दान हेतु कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी को कुमाऊं विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया

कुलपति प्रो लोहनी सम्मानित

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तकदान कार्यक्रम का आयोजन कुमाऊं विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नवीन चन्द्र लोहनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहनी को उनके साहित्यिक व सामाजिक कार्यों हेतु कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट द्वारा सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में कुलपति लोहनी ने कहा कि पुस्तक का निःशुल्क वितरण भारतीय ज्ञान परम्परा का एक घटक रहा है।

जबकि कुलपति प्रो. बिष्ट तथा प्रो. लोहनी को शॉल ओढ़ाकर तथा गणेशजी की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया । राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं कुलगीत से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में ठाकुर देव सिंह बिष्ट की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पित किये गया।

हाईकोर्ट ने दिए बीसीआई को तीन माह में निर्णय लेने के निर्देश

नैनीताल । हाईकोर्ट ने बीएसएम लॉ कॉलेज की याचिका का निस्तारण करते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को निर्देश दिया है कि वह कॉलेज के प्रतिनिधित्व पर तीन माह के भीतर निर्णय ले। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने बीते 30 अक्टूबर को यह आदेश दिया।

कॉलेज के अधिवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने कोर्ट को बताया कि इससे पहले कॉलेज ने रिट याचिका संख्या 2606/2026(बीएसएम लॉ कॉलेज बनाम उत्तराखंड राज्य) दायर की थी। 2 सितंबर 2026 को उसके निस्तारण के समय समन्वय पीठ ने लेट फीस को अलग याचिका में चुनौती देने की छूट दी थी। इसके बाद कॉलेज ने 25 सितंबर 2026 को बीसीआई सचिव को विस्तृत प्रतिनिधित्व देकर रिफंड मांगा लेकिन अब तक राशि वापस नहीं हुई।सुनवाई में कॉलेज की ओर से केवल यह प्रार्थना की गई कि प्रतिनिधित्व के निस्तारण का निर्देश दे दिया जाए। बीसीआई के अधिवक्ता संदीप तिवारी ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई।



नैनीताल की लोअर माल रोड वाहनों के लिए खोला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल की लोअर माल रोड करीब एक साल के बाद सोमवार को दोपहियां व चौपहियां वाहनों के खुल गयी। रोड के खुलने से स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को भी काफी राहत मिली।

इस बीच रोड तो खुल गयी लेकिन पहला दिन होने की वजह से रोड में वाहनों के चलने की वजह से काफी धूल उठती रही। बता दें लोअर माल रोड के संवेदनशील हिस्से के ट्रीटमेंट कार्य में काफी समय लग गया। रोड खोलने की मांग को लेकर पूर्व में मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने आंदोलन किया था। इस बीच अब रोड के खुलने से स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को काफी राहत मिल रही है। इससे पूर्व सूबे के कैबिनेट मंत्री एवं पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक, विधायक सरिता आर्या, जिला प्रभारी विवेक सक्सेना एवं जिला महामंत्री रंजन बगरि, की उपस्थिति में मार्ग को जनता के लिए खोलने की प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत तथा श्रीमती नीतू जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

इतिहास विभाग की ओर से किया गया प्रो.साह का स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के इतिहास विभाग की ओर से विभाग के प्राध्यापक व वर्तमान में कुविवि के कुल सचिव प्रो. रितेश शाह को इतिहास विषय के अन्तर्गत शोध कार्य के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी शिमला में यूजीसी आईवीसी एसोसिएटशिप मिलने पर हर्ष व्यक्त कर प्रो.साह का स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम किया गया।

बता दें प्रो. रितेश शाह अब देवभूमि उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश राज्य के जल संरक्षण प्रणाली पर तीन वर्ष के लिए शोध करेंगे। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.संजय कुमार टमटा एवं विभागीय सदस्यों द्वारा उनको पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर इतिहास विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल समेत प्रो. संजय भिल्डियाल, पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार, इतिहास विभाग के डॉ. मनोज सिंह बाफि ला, डॉ. भुवन चंद शर्मा, डॉ. पूरन सिंह अधिकारी, डॉ. हर दयाल सिंह जलाल, डॉ. शिवराज सिंह कपकोटी,डॉ. वीरेंद्र पाल तथा अनूप कुमार व डा. भुवन चंद्र आर्य व इतिहास विभाग के शोधार्थी उपस्थित रहे।



नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

पद्मश्री प्रो. संजय चिकित्सा व समाजसेवा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए श्रेलनेस एमिनेंस अवॉर्ड से सम्मानित

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, लेखक, कवि, स्तंभकार एवं समाजसेवी प्रो. डॉ. भूपेन्द्र कुमार सिंह संजय को कानपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय वेलनेस कॉन्क्लेव-2026 में प्रतिष्ठित वेलनेस एमिनेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान चिकित्सा, समाजसेवा, जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। बता दें डॉ संजय की चिकित्सा एवं शैक्षणिक सेवाओं का विस्तार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। वे 50 से अधिक देशों में विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक मंचों पर व्याख्यान देकर अपना अनुभव और ज्ञान साझा कर चुके हैं। चिकित्सा को मानव सेवा का माध्यम मानने वाले डॉ॰ संजय ने दिव्यांगता की रोकथामए पोलियो एवं सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों की सुधारात्मक शल्य चिकित्साए सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा



सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। वे अब तक 3000 से अधिक निशुल्क चिकित्सा एवं सुधारात्मक शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुके हैं अथवा उनमें सक्रिय सहभागिता निभा चुके हैं। निवारक स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए डॉ. संजय दो महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर बल देते हैं। शिक्षा एवं पोषण मानव विकास के तीन मूलभूत स्तंभों को रेखांकित करता है जबकि आहार, व्यायाम, कार्य एवं निद्रा, स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के चार आवश्यक घटकों को दर्शाता है। उनका मानना है कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर रोगों की पहचान और जागरूक जीवनशैली अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उनका मूल संदेश है जान है तो जहान है। चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को पद्मश्री, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तथा लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से मान्यता मिली है।इस डॉ. संजय दो महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर बल देते हैं। शिक्षा एवं पोषण मानव विकास के तीन मूलभूत स्तंभों को रेखांकित करता है जबकि आहार, व्यायाम, कार्य एवं निद्रा, स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के चार आवश्यक घटकों को दर्शाता है। उनका मानना है कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर रोगों की पहचान और जागरूक जीवनशैली अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उनका मूल संदेश है जान है तो जहान है। चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को पद्मश्री, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तथा लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से मान्यता मिली है।इस देश,विदेश के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य एवं कल्याण के विभिन्न आयामों पर विचार,विमर्श किया। डॉ. संजय को प्रदान किया गया यह सम्मान चिकित्सा उत्कृष्टता, मानवीय संवेदना और स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता का सम्मान है।

NEWS / फटाफट

स्कूली बच्चों को किया स्कूल बैग का वितरण



नैनीताल । नगर के विभिन्न स्कूलों में सामाजिक संस्था प्रबुधी रिसाईलिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सोमवार को विद्यार्थियों को स्कूल बैग का निःशुल्क वितरण किया गया। संस्था की ओर से नगर पालिका आडिट स्कूल, नगर पालिका जूनियर हाई स्कूल, वैभरली स्कूल में बैग का वितरण किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता अरविंद सिंह पडियार, सभासद भगवत रावत,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट, जिला खेल सह संयोजक शैलेन्दर बर्गली, जिला मन्त्री संतोष कुमार समेत विभिन्न स्कूलों के गुरुजन मौजूद रहे।

हाईकोर्ट ने दिया यूएसनगर के डीएम को 4 माह की मोहलत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने रुद्रपुर स्थित सुभाष चंद्र बोस (ट्रांजिट कैंप) सार्वजनिक मैदान में स्थाई निर्माण कार्य न कराए जाने को लेकर स्थानीय लोगों की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जनहित याचिकाकर्ता से कहा कि वे इस संबंध में जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर को अपना प्रत्यावेदन दें, उस पर जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर चार माह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लेकर उसे निस्तारित करें, मामले की सुनवाई के कोर्ट ने जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया।

हाईकोर्ट ने अवमानना कर्ताओं को नोटिस जारी किया

नैनीताल । हाईकोर्ट में खटीमा के विक्रम सिंह चौहान द्वारा नगर पालिका परिषद खटीमा के खिलाफ एक नया अवमानना याचिका दायर की है जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ कर रही है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि पूर्व में दिए गए न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है जिसमें नगर पालिका परिषद को नए दिशा.निर्देशों के आधार पर ठेकेदारों के पंजीकरण और अनुबंधों को आगे बढ़ाने की अनुमति दी गई थी।मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने अवमाननाकर्ताओं को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर के लिए निर्धारित की है और तब तक प्रतिवादियों को अपना जवाब या जवाबी हलफ नामा दाखिल करने अथवा आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

अबकी बार 5 नवंबर को मनाया जाएगा रमा एकादशी व्रत व गोवत्स द्वादशी पर्व



नैनीताल । अबकी बार रमा एकादशी व्रत और गोवत्स द्वादशी पर्व 5 नवंबर (बीरवार) को एक ही दिन मनाए जाएंगे। मामले में नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि 5 नवंबर को एकादशी तिथि सुबह 10:10 बजे तक रहेगी इसके बाद द्वादशी तिथि शुरू होगी। उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात 3:56 बजे तक रहेगा। वैधृति योग अगले दिन सुबह 5:09 बजे तक और बालव करण सुबह 10:36 बजे तक रहेगा। चंद्रमा सुबह 9:34 बजे तक सिंह राशि में रहेंगे इसके बाद कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि रमा एकादशी का व्रत करने से पापों का नाश होता है और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। इस व्रत की कथा सुनने और पढ़ने से भी पुण्य मिलता है।

अभिमत

झूठे दावे

पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों में डाक्टरों का अभाव हमेशा बना रहता है। चिंताजनक यह है कि हरिद्वार और उधमसिंह नगर जैसे मैदानी जिलों के छोटे अस्पतालों में भी डाक्टर नहीं हैं। स्वास्थ्य मंत्री दावा करते हैं कि सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी नहीं है। दो सौ से अधिक डाक्टर तैनात किये जा चुके हैं और करीब तीन सौ खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य में 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी डाक्टर नहीं है। फार्मासिस्ट के भरोसे अस्पताल चल रहे हैं। हालत इस कदर बदतर है कि कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्र में दो मेडिकल कालेज होते हुए गंभीर मरीजों को मैदानी जिलों में इलाज के लिए लाना पड़ता है। मेडिकल कालेजों में फैकल्टी का अभाव है।

उत्तराखंड में चिकित्सा व्यवस्था की हालत में सुधार के लिए राज्य सरकार समय-समय पर प्रयास करती रहती है, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। राज्य के छोटे अस्पतालों में डाक्टर नहीं हैं और बड़े अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। अनेक प्राथमिक चिकित्सालयों से मरीज सीधे मेडिकल कालेजों में पहुंच रहे हैं। इससे बड़े अस्पतालों की ओपीडी में अव्यवस्था की स्थिति है। देहरादून के अस्पताल में प्रतिदिन ढाई हजार और हल्द्वानी में दो हजार मरीज पहुंच रहे हैं। नैनीताल और अल्मोड़ा जिले में करीब दर्जनभर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एक भी डाक्टर नहीं है। पौड़ी, पिथौरागढ़ जैसे पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों में डाक्टरों का अभाव हमेशा बना रहता है। चिंताजनक यह है कि हरिद्वार और उधमसिंह नगर जैसे मैदानी जिलों के छोटे अस्पतालों में भी डाक्टर नहीं हैं। स्वास्थ्य मंत्री दावा करते हैं कि सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी नहीं है। दो सौ से अधिक डाक्टर तैनात किये जा चुके हैं और करीब तीन सौ खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य में 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी डाक्टर नहीं है। फार्मासिस्ट के भरोसे अस्पताल चल रहे हैं। हालत इस कदर बदतर है कि कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्र में दो मेडिकल कालेज होते हुए गंभीर मरीजों को मैदानी जिलों में इलाज के लिए लाना पड़ता है। मेडिकल कालेजों में फैकल्टी का अभाव है। एसटीएच कुमाऊं का सबसे बड़ा अस्पताल है। कुमाऊं मंडल के छह जिलों के गंभीर मरीजों के उपचार की जिम्मेदारी एसटीएच पर है। उत्तराखंड की सीमा के निकट उत्तर प्रदेश के कई जिलों के मरीज भी एसटीएच में इलाज के लिए पहुंचते हैं। हल्द्वानी के मरीजों को एसटीएच में भीड़ के कारण इलाज नहीं मिलने पर निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर होना पड़ता है, इसलिए निजी अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च वहन करने में सक्षम हैं। कई बार निजी अस्पताल भी गंभीर मरीज को रेफर करते हैं। समाज के बहुसंख्यक वर्ग, मध्यम व निम्न आय के मरीज का भरोसा सरकारी अस्पतालों पर है। राजकीय मेडिकल कालेज का अस्पताल होने से एसटीएच में अच्छे उपचार की उम्मीद रहती है। चिकित्सा की आधुनिक मशीनें एसटीएच में हैं, लेकिन विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी एसटीएच, बेस अस्पताल और महिला अस्पताल में हमेशा बनी रहती है। बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए।

उत्तराखण्ड मुक्त विवि में रोजगार एवं कौशल विकास पर व्याख्यान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र के सहयोग से कैरियर कनेक्ट लाइव प्लेसमेंट एवं रोजगार क्षमता पर विशेषज्ञ व्याख्यान शृंखला विषय पर ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षार्थियों को करियर के अवसरों, रोजगार की बदलती आवश्यकताओं तथा कौशल विकास के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में 125 से अधिक शिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा के निदेशक प्रो. गगन सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने रोजगारपरक शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश में शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल एवं व्यावसायिक दक्षताओं का विकास भी आवश्यक है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र के निदेशक प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सही मार्गदर्शन, निरंतर सीखने और कौशल विकास के महत्व को रेखांकित किया। वहीं, निदेशक अकादमिक प्रो. पी.डी. पंत ने कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए रोजगारपरक शिक्षा की महत्ता पर बल दिया।

कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. आशीष गुप्ता, सह-प्राध्यापक, महर्षि विश्वविद्यालय, नोएडा परिसर ने करियर निर्माण एवं रोजगार क्षमता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शिक्षार्थियों को अपनी रुचियों, क्षमताओं एवं योग्यताओं का आत्म-मूल्यांकन कर करियर का चयन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते व्यावसायिक परिदृश्य में निरंतर सीखना, नए कौशल विकसित करना तथा स्वयं को अद्यतन रखना आवश्यक है। शिक्षार्थियों को केवल प्रमाणपत्र एवं उपाधि प्राप्त करने तक सीमित न रहकर व्यावहारिक ज्ञान, संचार कौशल एवं समस्या समाधान की दक्षताओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि उनके कौशल से व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज भी लाभान्वित हो सके।विशेषज्ञ व्याख्यान के पश्चात शिक्षार्थियों के साथ प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने करियर चयन, रोजगार के अवसरों और आवश्यक कौशलों से संबंधित प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य डॉ. प्रिया महाजन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा विशेषज्ञ वक्ता, विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला स्तरीय अंडर वॉलीबाल प्रतियोगिता पांच से होगी

चंपावत। जिला खेल कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय अंडर-17 एवं अंडर-21 बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन पांच और छह नवंबर को टनकपुर के दिवंगत कैलाश गहतोड़ी स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। जिला क्रीड़ाधिकारी बबीता बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग में वर्ष 2009 और अंडर-21 वर्ग में वर्ष 2005 के बाद जन्मे बालक प्रतिभाग कर सकेंगे। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण पत्र, अंकतालिका और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। प्रत्येक टीम में संबंधित आयु वर्ग के 10 खिलाड़ी और एक टीम मैनेजर शामिल होंगे। टीम प्रविष्टि की अंतिम तिथि पांच नवंबर निर्धारित की गई है। जिले से बाहर आने वाले खिलाड़ियों को विभागीय मानकों के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

राष्ट्रीय ड्रोन शिविर तमिलनाडु में एनसीसी उत्तराखंड निदेशालय का शानदार प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

तमिलनाडु में 23 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर डायरेक्टरेट ड्रोन शिविर में एनसीसी के उत्तराखंड निदेशालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। देशभर के विभिन्न एनसीसी निदेशालयों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित शिविर में उत्तराखण्ड निदेशालय ने तीन महत्वपूर्ण कामयाबियां अपने नाम कीं।



बता दें प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड निदेशालय को शैक्षणिक प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जिसके लिए निदेशालय को ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त नवाचार (इनोवेशन) श्रेणी में द्वितीय स्थान तथा शिविर की समग्र रैंकिंग में तृतीय स्थान हासिल कर निदेशालय ने अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की।इस शिविर में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के दो एनसीसी कैडेट्स ने उत्तराखण्ड निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया। इनमें लीडिंग कैडेट नेहा डिमवाल (आईटीईपी विभाग) तथा पेटी ऑफिसर कैडेट अमन कुमार (एमएससी प्रथम वर्ष) शामिल रहे। दोनों कैडेट्स की सहभागिता और प्रयासों ने इस कामयाबी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(कर्नल) सतपाल सिंह बिष्ट ने इस अहम कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों कैडेट्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक भविष्य की अत्यंत संभावनाशील एवं परिवर्तनकारी तकनीकों में से एक है। आने वाले समय में रक्षा, आपदा प्रबंधन, कृषि, पर्यावरण संरक्षण तथा अनेक विकासात्मक क्षेत्रों में इसकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी। ऐसे राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, नवाचार और व्यावहारिक कौशल से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का ऐसे प्रतिष्ठित आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना पूरे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं एनसीसी अधिकारी प्रो.(ले) रीतेश साह ने भी दोनों कैडेट्स को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ड्रोन तकनीक केवल एक आधुनिक उपकरण तक सीमित नहीं है बल्कि यह भविष्य की तकनीकीए सामरिक और विकासात्मक आवश्यकताओं का महत्वपूर्ण आधार बनने जा रही है। एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों को ऐसी उभरती तकनीकों का प्रशिक्षण मिलना उन्हें भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षताए नवाचारए नेतृत्व क्षमता और अनुशासन विकसित करने के लिए सदैव प्रोत्साहन देता रहेगा।इस कामयाबी पर एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल शाह, एज्युकेयूटिव ऑफिसर राकेश रावत, डीएसबी परिसर के निदेशक प्रो. संजय पंत तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. चंद्रकला रावत ने कैडेट्स नेहा डिमवाल एवं अमन कुमार को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी एनसीसी की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

फिल्मी दुनिया

कॉफी विद करण 9 16 साल बाद शो में लौटे करीना-सैफ



करीना कपूर खान और सैफ अली खान शो कॉफी विद करण 9 में 16 साल बाद वापसी कर रहे हैं। इस एपिसोड का प्रोमो भी सामने आया है। प्रोमो में करीना का बेबाक अंदाज और सैफ का मजेदार सेंस ऑफ ह्यूमर देखने को मिल रहा है। वहीं करीना कपूर भी करण जौहर की टांग खींचती नजर आ रही हैं। जानिए शो में क्या होगा खास। प्रोमो में करण करीना से पूछते हैं कि उनके हिसाब से इस समय बॉलीवुड की नंबर 1 अभिनेत्री कौन है? इस पर करीना बिना देर किए जवाब देती हैं, जो आपके सामने बैठी है। करीना का यह जवाब सुनकर सैफ भी मजाक करने लगते हैं। वह कहते हैं, आप दूसरे लोगों की तारीफ भी कर सकती हैं। दोनों की यह मजेदार बातचीत प्रोमो में काफी दिलचस्प लग रही है। शो के नए प्रोमो में करण जौहर करीना और सैफ का स्वागत करते नजर आ रहे हैं। करण जब बताते हैं कि यह शो का आखिरी सीजन है, तो करीना मजेदार अंदाज में कहती हैं, मैं बहुत खुश और राहत महसूस कर रही हूं। क्योंकि अब हमें बार-बार कॉफी विद करण में नहीं आना पड़ेगा। वहीं, सैफ भी पीछे नहीं रहते। वह कहते हैं कि उन्हें शो में साइडकास्ट जैसा फील हो रहा है। उनकी इस बात पर करण भी हंसने लगते हैं। शो के एक सेगमेंट में करण करीना और सैफ से K अक्षर से शुरू होने वाली अभिनेत्रियों के नाम पूछते हैं। इस दौरान सैफ कविता का नाम लेते हैं और कहते हैं कि कोई तो इस नाम की एक्ट्रेस होगी ही। उनका ये जवाब सबको हंसने पर मजबूर कर देता है।

खूब मस्ती करते दिख रहे

- *कॉफी विद करण 9 के नए एपिसोड का प्रोमो रिलीज हो गया है।*
- *इस बार काउच पर बॉलीवुड की मशहूर जोड़ी करीना कपूर खान और सैफ अली खान नजर आने वाली है।*
- *शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें दोनों करण जौहर के साथ खूब मस्ती करते दिख रहे हैं।*

मंथनः भाजपा नैनीताल की संगठनात्मक बैठक आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी नैनीताल के तत्वावधान में सोमवार को नैनीताल क्लब में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक सूबे के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, जिला प्रभारी विवेक सकसेना एवं विधायक सरिता आर्या की उपस्थिति में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बरगली,जिला सोशल मीडिया संयोजक रतन साह,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत,मंडल अध्यक्ष नितिन काकी,जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, हेम चंद्र आर्य,अंबा दत्त आर्य, डां. भुवन चंद आर्य, अरविंद परिहार, हरीश सिंह राणा, भारत सिंह मेहरा, कमला आर्य, विस्तारक करन पाठक समेत समीर आर्या व यशपाल आर्या सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन.जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।वक्ताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होकर कार्य करने और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।



आपदाओं के जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रभावी प्रबंधन को लेकर कार्यशाला आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल में महानिदेशक बी.पी. पाण्डे के दिशा.निर्देशों के क्रम में हिमनद झीलों के फ टने का जोखिम एवं रणनीति विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया।

बता दें कार्यशाला का उद्देश्य हिमनद झीलों के फटने से उत्पन्न संभावित आपदाओं के जोखिमों का आकलन, वैज्ञानिक अध्ययन, पूर्व चेतावनी प्रणाली के विकास तथा प्रभावी आपदा प्रबंधन की रणनीतियों पर विशेषज्ञों के साथ विचार विमर्श करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूबे के अपर सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग देहरादून प्रकाश चन्द्रा तथा विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल सुधीर बहल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली तथा पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक, पद्मश्री अनूप साह एवं संयुक्त निदेशक डॉ. महेश कुमार की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. महेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा तथा हाल ही में नेपाल में आई बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से सबक लेते हुए भविष्य में संभावित आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा बेहतर समन्वय एवं ठोस रणनीति तैयार करना आवश्यक है।

उत्तराखंड की 13 ग्लेशियर झीलें खतरनाक चिह्नित:प्रकाश चंद्रा



सूबे के अपर सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग देहरादून प्रकाश चन्द्रा ने कहा कि उत्तराखंड में ग्लेशियर झीलों से उत्पन्न होने वाले संभावित आपदा के खतरे को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग सतर्क है,कहा प्रदेश में 13 ग्लेशियर झीलों को खतरनाक चिह्नित किया गया है, जिनमें पांच झीलें बेहद संवेदनशील स्थिति में हैं, इन झीलों का सर्वेक्षण किया जा चुका है,अब इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आपदा से बचाव के लिए जागरूक करने के साथ ही अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करने की तैयारी की जा रही है।

जलवायु परिवर्तन से बढ़ रहा हिमालयी आपदाओं का खतरा:डा.महेश कुमार



आपदा प्रबंधन विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. महेश कुमार के मुताबिक हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के चलते प्राकृतिक आपदाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है, ग्लेशियर झीलों का फ टना, भूस्खलन और भूकंप जैसी घटनाएं हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर चुनौती बन रही हैं, इसको देखते हुए उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन को लेकर राज्य स्तर पर लगातार कार्य किए जा रहे हैं, आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को तैयार किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि प्रकाश चन्द्रा ने हिमनद झीलों के फटने से उत्पन्न जोखिमों के संबंध में शासन स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दिशा में विभिन्न झीलों का वैज्ञानिक अध्ययन एवं जोखिम आकलन किया जा रहा है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अर्ली वार्निंग सिस्टम (पूर्व चेतावनी प्रणाली) स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। सत्र में वाडिया हिमालय भू.विज्ञान संस्थान देहरादून के डॉ. डी.पी. डोभाल, डॉ. जयराम आईसीआई एमओडी नेपाल के डॉ. फारूख आजम, सेवानिवृत एडीजीएम डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, जी.बी. पंत विश्वविद्यालय पंतनगर तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भू.विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव उपाध्याय, यूएसडीएमए देहरादून के जीआईएस विशेषज्ञ रोहित कुमार, आईआईआरएस देहरादून के डॉ.हरीश कर्नाटक, सीबीआरआई रुड़की के डॉ. राजेश दास तथा डॉ. एन.एल. ठकुराल सहित विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम निदेशक डॉ. मंजू पाण्डे ने किया।

News कॉर्नर

साइबर ठगी: ई-चालान के बहाने मोबाइल हैक

हल्द्वानी। साइबर ठगी की शिकायतें बढ़ रही हैं, खाते लूट रहे हैं और पीड़ित अपनी मेहनत की कमाई वापस पाने के लिए थानों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन साइबर अपराधियों तक पुलिस के हाथ कब पहुंचेंगे? मुखानी थाना क्षेत्र में ई-चालान के नाम पर मोबाइल हैक कर 1 लाख 19 हजार 65 रुपये उड़ाने का नया मामला सामने आया है। सवाल यह है कि लगातार मुकदमे दर्ज होने के बावजूद साइबर ठगों पर प्रभावी शिकंजा कब कसेगा?

छड़ायल नयाबाद निवासी हरीश चंद्र मेलकानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल पर ई-चालान से संबंधित संदेश आया था। इसके तीन दिन बाद उनके बैंक खाते से तीन अलग-अलग जगहों पर 1,19,065 रुपये ट्रांसफर हो गए। पीड़ित के मुताबिक, इस दौरान उनका मोबाइल भी हैक हो गया था। उनका खाता नैनीताल रोड स्थित दुर्गा सिटी सेंटर की आईडीबीआई शाखा में है। पीड़ित ने आशंका जताई कि अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल हैक कर बैंक खाते से रकम निकाल ली।

तेज रफ्तार कार का कहर, बाइक सवार के ऊपर दो बार चढ़ा पहिया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क पर तेज रफ्तार का कहर किस कदर जानलेवा साबित हो सकता है, लालकुआं के ट्रांसपोर्ट नगर में हुए हादसे का सीसीटीवी फुटेज इसकी भयावह तस्वीर बयां कर रहा है। पहले बाइक को जोरदार टक्कर मारकर युवक को सड़क पर गिराया, फिर कार का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे में 38 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, रुद्रपुर की डीपीजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में सुपरवाइजर राजीव कश्यप मोटरसाइकिल से वीआईपी गेट क्षेत्र से लालकुआं की ओर जा रहे थे। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जैन ट्रांसपोर्ट के सामने पंतनगर की दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी



जबरदस्त थी कि राजीव उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे।

सीसीटीवी में कैद हादसे की खौफनाक तस्वीर: हादसे के बाद कार चालक ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन घबराहट में कार दोबारा आगे बढ़ गई। इस दौरान कार का पहिया सड़क पर गिरे राजीव के ऊपर से गुजर गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज सामने आने के बाद हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल: हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कार चालक मौके से फरार नहीं हुआ और स्थानीय लोगों की मदद से घायल राजीव को नजदीकी निजी क्लीनिक पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सिर में गंभीर चोट, आईसीयू में जिंदगी की जंग: राजीव के सिर में गंभीर चोट आई है और खून बहने के कारण चिकित्सक उनकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्हें आईसीयू में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

मंगोली भेवा में मोटर मार्ग निर्माण करवाने की मांग को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के भीमताल विकास खंड के क्षेत्र पंचायत सदस्य मंगोली गहलना मुकेश मेहरा के नेतृत्व में सोमवार को शिष्टमंडल ने सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्राम मंगोली भेवा में मोटर मार्ग निर्माण करवाने हेतु निवेदन किया गया। शिष्टमंडल ने कहा कि ग्राम सभा मंगोली भेवा नैनीताल का एक महत्वपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र है। वर्तमान समय में ग्राम तक पहुँचने के लिए समुचित मोटर मार्ग मुहैया नहीं है जिसके कारण ग्रामवासियों को दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम में रहने वाले गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों व विकलांग व्यक्तियों तथा छोटे.छोटे स्कूली बच्चों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में गंभीर दिक्कतें आती हैं क्योंकि मोटर मार्ग के अभाव में उन्हें लंबी दूरी पैदल या डोली आदि के सहारे ले जाना पड़ता है जिससे कभी.कभीउनकी जान पर भी खतरा बन जाता है।इसी प्रकार स्कूल जाने वाले बच्चों को प्रतिदिन कई किलोमीटर कठिन पैदल रास्ता तय करना पड़ता है जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। वही बुजुर्ग एवं विकलांक व्यक्तियों के लिए यह रास्ता और भी अधिक कठिन एवं कष्टदायक हो जाता है। बरसात के समय यह मार्ग और भी खतरनाक हो जाता है जिससे ग्रामवासियों का आवागमन लगभग ठप हो जाता है।अतः क्षेत्र पंचायत के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासियों की ओर से आपसे विनम्र अनुरोध है कि ग्राम मंगोली भेवा में शीघ्र मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करने की कृपा करें जिससे ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा मिल सके और क्षेत्र का विकास हो सकें।

जल जीवन मिशन की 10 साल पुरानी पेयजल पाइपलाइनों की जांच की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ओखलकांडा विकासखंड की ग्रामसभा गोनियारों में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइनों और सरकारी धन के इस्तेमाल को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत सिंह गोनिया ने पिछले 10 वर्षों में बिछाई गई पेयजल पाइपलाइनों की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत राज्यपाल, मुख्य सचिव उत्तराखंड, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव, जिलाधिकारी नैनीताल तथा सांसद अजय भट्ट को रजिस्ट्री डाक से शिकायती पत्र भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है।शिकायत में पिछले 10 वर्षों के दौरान ग्रामसभा में बिछाई गई पाइपलाइनों की वास्तविक स्थिति की जांच कराने, स्वीकृत बजट और खर्च का हिसाब सार्वजनिक करने तथा निर्माण कार्यों का मौके पर सत्यापन कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने पांच करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति अथवा खर्च होने की आशंका जताते हुए इसकी वास्तविकता की निष्पक्ष जांच कराने को कहा है।शिकायत के अनुसार कई घरों के बाहर पाइपलाइन बिछा दी गई है लेकिन दो वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। कहीं पाइपलाइन अधूरी पड़ी है तो कहीं कार्य की गुणवत्ता और पुराने पाइपों के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों की ओर से पाइपलाइन की तस्वीरें भी मुहैया कराई गई हैं।शिकायत पत्र में ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी शामिल हैं। पत्र में दर्ज नामों के अनुसार तोक सिमली से श्री मोहन सिंह, श्री नारायण सिंह और श्री टीकम सिंह तथा तोक तल्ली तोक से श्री माधव सिंह, श्री त्रिलोक सिंह, श्री विजय सिंह श्री पान सिंह और श्री कुशल सिंह ने हस्ताक्षर किए हैं। इन ग्रामीणों ने भी पेयजल समस्या को अधिकारियों के सामने रखा है।हेमंत सिंह गोनिया ने मांग की है कि जांच केवल विभागीय कागजी रिपोर्ट तक सीमित न रहे बल्कि अधिकारियों की टीम गांव में जाकर पाइपलाइन और घरों में पानी की वास्तविक स्थिति की जांच करे। योजना की स्वीकृति से लेकर निर्माण, निरीक्षण और भुगतान तक जिम्मेदार अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं की भूमिका की पड़ताल की जाए। यदि जांच में सरकारी धन के दुरुपयोग, घटिया निर्माण व गलत भुगतान या अन्य अनियमितताओं की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक नियमित पेयजल पहुंचाना है। केवल पाइपलाइन बिछा देना योजना की सफलता नहीं है। जब तक ग्रामीणों के घरों में पानी नहीं पहुंचेगा तब तक योजना का वास्तविक लाभ लोगों को नहीं मिलेगा। अब संबंधित अधिकारियों से यह अपेक्षा है कि शिकायत पर निष्पक्ष जांच कराई जाए और ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए।

उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की बैठक पांच को

अल्मोड़ा। उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक पांच नवंबर को सुबह 11 बजे से नगर के कचहरी बाजार स्थित लीग कार्यालय सभागार में आयोजित होगी। लीग के अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बैठक में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने व संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे।

तबला वादन की विविध घराना परंपराओं व बारीकियों से रूबरू हुए विद्यार्थी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित संगीत विभाग में सोमवार को एकल तबला वादन में लय एवं लयकारी का प्रयोग विषय पर विशेष व्याख्यान प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर के सहायक प्राध्यापक एवं आकाशवाणी के ए ग्रेड कलाकार डॉ. पवन सेम ने तबला एकल वादन की परम्परागत प्रस्तुति के साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध ताल परंपरा और लयकारी की बारीकियों से विद्यार्थियों एवं संगीतप्रेमियों को परिचित कराया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डीन एजुकेशन तथा निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी समेत आमंत्रित कलाकार डॉ. पवन सेम, संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. रवि जोशी व डीन प्रो. एल. एस. लोधियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इंदौर के प्रतिष्ठित तबला गुरु पंडित बिलास खरगोनकर के शिष्य डॉ. पवन सेम ने अपनी प्रस्तुति में दिल्ली, अजराड़ा एवं पंजाब घरानों की विशिष्ट बादन शैलियों का प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न तालों में लय एवं लयकारी के प्रयोगों, वादन की तकनीकी विशेषताओं तथा घराना परंपराओं की कलात्मक अभिव्यक्ति को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उनके व्याख्यानप्रदर्शन से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को तबला वादन के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ उसके व्यावहारिक पक्षों को समझने का अवसर मिला।कार्यक्रम का संचालन संगीत विभाग की शोध छात्रा कोमल पाठक ने किया।

सारथी फाउंडेशन समिति ने मेहनती जरूरत मंद परिवारों के संग मनाई दिवाली, बांटी खुशियां

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली पर्व से पूर्व मेहनती जरूरत मंद परिवारों के संग दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मुखानी रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में किया गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा पूर्व में चिन्हित जरूरतमंद गरीब परिवारों को दिवाली उपहार के रूप में मोमबत्ती, मिठाई, खिलौने, खिले-बताशे, जूस, चिप्स, नमकीन, बिस्कुट सहित दिवाली सामग्री भेंट की गई।

उपहार पाकर सभी परिवारों ने संस्था का हृदय से आभार व्यक्त किया। परिवारों ने कहा कि सारथी फाउंडेशन समिति ही एक ऐसी संस्था है जो हर वर्ष सबसे पहले गरीब परिवारों के साथ दिवाली मनाती है और उसके बाद अपनी दिवाली मनाती है। सभी ने संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत ने सभी मेहनती जरूरत मंद परिवारों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार प्रकट किया एवं सभी को दिवाली सामान का पैक उपहार स्वरूप दिया।संस्था के सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने कहा कि संस्था हर वर्ष दिवाली से पहले इस तरह का आयोजन करती है और इस वर्ष भी हम आप सभी के साथ दिवाली मना रहे हैं। आप सभी का आशीर्वाद ही संस्था की असली पूंजी है। उन्होंने सभी को दिवाली की अग्रिम बधाई दी।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नवीन पंत,सचिव ज्ञानेंद्र जोशी, चार्टर्ड एकाउंटेंट सरोज आनंद जोशी,गिरीश चंद्र लोहनी, गीता बेलवाल,हेमा जोशी, मीना साही,पूजा पंत,भावना जोशी, कौशल्या जोशी,वीना जोशी, रंजना जोशी,भावना पांडे,रमा जोशी, दीप्ति जोशी,भगवती बिष्ट, जयप्रकाश, आदि उपस्थित रहे।